फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत – उपखण्ड अधिकारी मुकाम –जहाजपुर (भीलवाड़ा)

जगदीश पिता नाथू बलाई नि. मनोहरगढ़

बनाम

रमेश पिता सोराज मीणा नि. मनोहरगढ़ वगैरा

किस्म मुकदमा प्रा0 पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. ४६०/2021

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म की तामील में जारी हुये
०१.11.21	प्रार्थना पत्र प्रशासन गाँवों के संग अभियान में पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल/संयुक्त खाते की भूमि ग्राम मनोहरगढ़ प. ह. ईदुन्दा तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 67 रकबा 1.05 बीघा, आ.न. 68 रकबा 0.11 बीघा, आ.न. 411 रकबा 0.17 बीघा स्थित है। उक्त वर्णित कृषि आराजी के पड़ौसी अप्रार्थीगण है। जो कि प्रार्थी के साथ सीमा को लेकर आये दिन विवाद करते रहते है। उक्त आराजी के पड़ौसी होकर अपनी आराजी का सही सीमा ज्ञान नही होने के कारण आये दिन फसल बुआई कटाई के समय अनावश्यक विवाद होता रहता है। अतः पत्थरगढ़ी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक/प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलगन नकल जमाबन्दी सम्वत 2070 से 2073 तक के अवलोकन से पत्थरगढी किये जाने वाली भूमि प्रार्थी के स्वामित्व की हैं। पड़ोसियान के विवाद करने बाबत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है तथा भूमि ग्राम मनोहरगढ़ प. ह. ईदुन्दा तहसील जहाजपुर में स्थित आ.न. 67 रकबा 1.05 बीघा, आ.न. 68 रकबा 0.11 बीघा, आ.न. 411 रकबा 0.17 बीघा की बसामलात पड़ोसियान के पत्थरगढ़ी करने हेतु भू अभिलेख निरीक्षक लुहारीकलां को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 500– रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 100 रू. राजकोष में जमा करावे। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पालना रिपोर्ट शिघ्र प्रस्तुत करे। आदेश आज दिनांक ०१.11.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। [signature] उपखण्ड अधिकारी, जहाजपुर(भीलवाड़ा)	

Scanned with CamScanner